HINDUSTAN TIMES, 16 APRIL 2024

# Framed SOP for college fests: Cops to HC

HT Correspondent

letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Delhi Police on Monday informed the Delhi high court that it has formulated a standard operating procedure (SOP) for security arrangements to be implemented during college festivals, mandating varsities to deploy female security personnel and permit entry of individuals with students' identity cards.

The police informed a bench, led by acting chief justice Manmohan, that the SOP, which will ensure privacy, also obligated the varsities to seal the windows and vents of the women's washrooms and to only employ female workers to clean them.

"The area within the universities will be under the charge of college administration and the area outside the college will be of Delhi Police... Everyone else has to have a student ID. For the female toilets, we've made some special responsibility for the college — only female workers are allowed to enter and clean (the toilets) and female security to be deployed," additional standing counsel Nandita Rao representing the Delhi Police informed the bench, also comprising justice Manmeet PS Arora.

Taking note of the submissions, the court directed the counsels for the Delhi University and Indian Institute of Technology, Delhi, (IIT-D) to take instructions regarding their approval of the SOP and posted the matter for April 22.

"Ms Nandita Rao, additional standing counsel for Delhi Police, has handed over a photocopy of the status report, dated April 7. Counsel for the Delhi Police and IIT pray for some time to seek instructions," the court said in its order. The court took suo motu cognizance of the alleged incident in which DU students were filmed at a women's washroom during a fashion show at IIT-D in October last year.

The SOP was formulated by the police in compliance with the court's November 2023 order directing the DCP (legal) Southwest to call a meeting with the representatives of IIT-D, Guru Gobind Singh Indraprastha University and DU for framing guidelines, to be followed by colleges while organising annual fests. HT

TIMES OF INDIA, 16 APRIL 2024

# IIT-D ranks 45th among global engg & tech institutes

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** The World University Rankings by Subject 2024, announced by Quacquarelli Symonds (QS), places IIT-Delhi among the top 50 institutions globally in engineering and technology, with a rank of 45.

IIT-Delhi has not only been ranked among the top 100 world institutions in eight subject areas, it also holds the top position in India in civil engineering, computer sciences, electrical engineering and environmental sciences.

Under engineering and technology, IIT-Delhi has been included among the world's top 100 in five specific subjects — civil and structural engineering (rank 39), mechanical engineering (50), electrical and electronic engineering (55), computer science and information systems (63), and chemical engineering (86).

In the country, IIT-Delhi holds the top position in civil engineering, electrical and computer science engineering and the second position in mechanical engineering and chemical engineering.

Vasant Matsagar, head of department, civil engineering, IIT-Delhi, said, "The activities in the department contribute meaningfully to the development of the nation, catering to the needs of disaster resilience and facilitating effective climate action in line with India's nationally determined contributions and the UN Sustainable Development Goals." TOI

TIMES OF INDIA, 16 APRIL 2024

# Govt plans to mainstream 46 lakh who had dropped out at Class X, XII levels

Manash.Gohain@timesgroup.com

**New Delhi:** Mainstreaming the 46 lakh dropouts/missing children in secondary and senior secondary level is top priority of Centre in the first 100-days of the next govt as well as of the five-year agenda for school education. One of the plans is to enable students who don't qualify for classes XI and upwards to allow them to take exams to attend the same class and let them appear as regular candidates.


Centre is also planning to use the APAAR (Automated Permanent Academic Account Registry) identification to keep a track of those failing which many times lead to dropouts.

According to education ministry sources, all options are being considered to complete the education of nearly 34 lakh students failing in class X, and 12 lakh in class XII across the country. The ministry sources said that while enrolment in elementary education is nearly 100% as per the Gross Enrolment Ratio (GER), "it is a challenge at the secondary and higher secondary levels. If 100 students enrol in class I, only 55% reach class XII. According to the National Education Policy 2020, the GER should be 100% at the secondary and senior secondary levels by 2030."

As per govt data, in the past four years, there has been a reduction in the dropout rate at class X by almost 8%. In 2018-19, the percentage of students dropping out in class X was 28.4%, which decreased to 20.6% in 2021-22.

"Even after failing, they should have the right to education. Failed students should also be given the opportunity for regular study, which is currently limited," said the official,

iStock



The idea is to arrest the problem of dropouts and ensure the nearly 34 lakh students failing class X, and 12 lakh in class XII complete their education

adding that those students who want to complete their schooling through the open system should be given a chance. There are currently five lakh students enrolled in the National Institute of Open Schooling.

Among those who fail in class X, a large number of students drop out. The education ministry has so far got 25 crore students on the APAAR IDs platform. "This 'One Nation One Student' ID will be linked to the Academic Bank of Credit and DigiLocker as well. Through this ID, it will now be easy to determine how many students appearing for class X exams are not progressing," said a govt official. Along with failed students, identification of other students who left their studies for other reasons will also be possible through this exercise.

The ministry is also also looking at the Andhra Pradesh govt's decision last year to allow schools to re-admit students who failed in classes X and XII in the last two years to attend regular classes of the same course.

# NMC allows foreign medical graduates to intern in Delhi non-teaching institutes

TRIBUNE NEWS SERVICE

NEW DELHI, APRIL 15

The National Medical Commission (NMC) has issued a letter addressing the validation of internship for foreign medical graduates in non-teaching hospitals, dated April 10.

The letter highlights the challenges faced by foreign medical graduates seeking internship opportunities in Delhi.

According to the letter, of the 230 foreign medical graduates who applied for internship in various medical colleges/institutions in Delhi, only those with Delhi domicile (having both a Delhi passport and Aadhar card) were considered for internship.

Despite more than 1,000 students expressing their desire to start internships in Delhi, only Delhi domicile applicants were called due to limited slots, the letter stated.

It further revealed that, as per the information received from various medical colleges/institutions in Delhi, only 60 internship seats are currently available.

"To accommodate the large number of internship applicants, it is requested that they may be allowed to undergo internship training in non-teaching institutes as it was done last year, so that these students' interest is not jeopardised," the letter concluded.

**LIMITED SLOTS**

Despite over 1,000 students expressing their desire to start internship in Delhi, only Delhi domicile applicants were called due to limited slots, the letter stated.

DAINIK JAGRAN, 16 APRIL 2024

# विदेश से मेडिकल कोर्स करके लौटे छात्रों के सामने इंटर्नशिप का संकट

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली: विदेश से मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों के सामने इंटर्नशिप का संकट बना हुआ है। इसका कारण है कि दिल्ली के मेडिकल कालेजों में उपलब्ध सीट की तुलना में विदेश से मेडिकल की पढ़ाई करके आए दिल्ली के रहने वाले करीब चार गुना अधिक छात्रों ने इंटर्नशिप के लिए दिल्ली मेडिकल काउंसिल (डीएमसी) में आवेदन किया है। सभी छात्रों इंटर्नशिप मिल पाना मुश्किल है। इससे छात्र परेशान हैं।

- दिल्ली के रहने वाले 230 छात्रों ने डीएमसी में किया आवेदन, इंटर्नशिप की 60 सीटें ही उपलब्ध
- डीएमसी ने एनएमसी को पत्र लिख निजी अस्पतालों में इंटर्नशिप का प्रविधान करने की सिफारिश की



डीएमसी ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) को पत्र लिखकर इस समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित कराया है और पिछले वर्ष की तरह दिल्ली के गैर शैक्षणिक अस्पतालों में इंटर्नशिप दिए जाने की सिफारिश की है, ताकि सभी छात्रों को इंटर्नशिप मिल सके।

डीएमसी ने पत्र में लिखा कि नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन (एनबीई) ने विदेश से मेडिकल कोर्स करके आए छात्रों की परीक्षा का परिणाम फरवरी में घोषित किया था। परीक्षा पास करने वाले करीब एक हजार छात्र दिल्ली में इंटर्नशिप करना चाहते हैं।

डीएमसी में विदेश से मेडिकल की पढ़ाई करके आए दिल्ली निवासी 230 छात्रों ने इंटर्नशिप के लिए आवेदन दिया है। इन छात्रों ने आवेदन के साथ दिल्ली का आधार कार्ड या पासपोर्ट संलग्न किया है। डीएमसी के रजिस्ट्रार डा. गिरीश त्यागी ने दिल्ली के मेडिकल कालेजों ने विदेश से मेडिकल पढ़े छात्रों के इंटर्नशिप के लिए 60 सीटें उपलब्ध होने की जानकारी दी है। मौलाना आजाद मेडिकल कालेज (एमएएमसी) व आरएमएल अस्पताल ने उपलब्ध सीटों की जानकारी डीएमसी को नहीं भेजी है।

डा. गिरीश त्यागी ने कहा कि एमएएमसी और आरएमएल के मेडिकल कालेज को पांच-छह बार पत्र भेजा जा चुका है, लेकिन इन दोनों संस्थानों ने उपलब्ध सीटों की जानकारी नहीं दी।

विदेश से लौटे एनसीआर में रहने वाले छात्र भी दिल्ली के मेडिकल कालेजों में इंटर्नशिप करना चाहते हैं, क्योंकि एनसीआर के शहरों में ज्यादा मेडिकल कालेज नहीं हैं। राष्ट्रीय राजधानी के मेडिकल कालेजों में उपलब्ध सीटों की तुलना में आवेदन अधिक आने से दिल्ली के सभी छात्रों को ही इंटर्नशिप के लिए सीटें उपलब्ध कराना मुश्किल है।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी ऐसी समस्या आई थी, तब एनएमसी ने दिल्ली के गैर शैक्षणिक सरकारी व निजी क्षेत्र के आधा दर्जन अस्पतालों में इन छात्रों के लिए एक वर्ष इंटर्नशिप की स्वीकृति दी थी। इससे करीब 400 छात्रों को इंटर्नशिप का मौका मिल गया था। मौजूदा सत्र के छात्रों के लिए यह आदेश प्रभावी नहीं है। मौजूदा स्थिति के मद्देनजर इस बार भी गैर शैक्षणिक अस्पतालों में इंटर्नशिप का प्रविधान किया जाना चाहिए।

**524** स्टार्टअप को अकेले दिल्ली पेटेंट हासिल हो चुका है, 13 हजार से अधिक स्टार्टअप देने वाले शहर में करीब आधी कंपनियों की निदेशक महिलाएं हैं, यह आंकड़े भले ही छोटे लगें, लेकिन युवाओं के लिए स्टार्टअप योजना एक बड़ा मंच है

# सोच को मिला स्टार्टअप


## स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में दिल्ली का देश में दूसरा और विश्व में 13वां स्थान

**कितनी बदली जिंदगी**

अजय राय • जागरण

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के लिए महासमर जारी है। हर चुनाव की तरह इस चुनाव में भी बेरोजगारी एक मुद्दा है। इसे कम या खत्म करने के लिए हर बार राजनीतिक दल वादे करते हैं, लेकिन आज के भारत को परिणाम चाहिए। इसी के लिए केंद्र सरकार ने 16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया योजना शुरू की। इसका उद्देश्य स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना, भारत में नवाचार और उद्यमिता के लिए एक मजबूत एवं समावेशी इकोसिस्टम का निर्माण करना है, ताकि नौकरी चाहने वालों के बजाय नौकरी देने वालों की फौज खड़ी की जाए। इसके लिए पूरी पारस्थितिकी तंत्र को स्थापित किया गया है। इसके साथ ही युवाओं की सोच को एक नई उड़ान मिली। आज देश के सबसे अधिक स्टार्टअप यूनिकार्न आइआइटी दिल्ली के विद्यार्थियों के हैं। अकेले दिल्ली के 524 स्टार्टअप को पेटेंट हासिल हो चुका है। 13 हजार से अधिक स्टार्टअप देने वाले शहर में करीब आधी कंपनियों की निदेशक महिलाएं हैं। यह आंकड़े भले ही छोटे लगें, लेकिन युवाओं के लिए यह योजना एक बड़ा मंच है। रोजगार और प्रतिभा को अवसर देने वाली आकांक्षी दिल्ली के युवा विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपनी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

**देश में बेंगलुरु के बाद सबसे अच्छा स्टार्टअप इकोसिस्टम दिल्ली का :** भारत में बेंगलुरु के बाद दिल्ली में दूसरा सबसे अच्छा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। दक्षिण एशिया में भी दूसरे पायदान पर है। वहीं, विश्व रैंकिंग में 13वां स्थान है। राष्ट्रीय राजधानी को 2030 तक स्टार्टअप हब बनाने का दिल्ली सरकार ने संकल्प लिया है। इसके तहत पारिस्थिति तंत्र को और बेहतर करने पर जो दिया जा रहा है। स्टार्टअप के आइडिया और विचार सुनियोजित करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में करीब 80 इनक्युबेटर सेंटर की स्थापना की गई है। बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए 180 मेंटर नियुक्त किए गए हैं। इसके लिए उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग को राज्य की नोडल एजेंसी बनाया गया है। एनसीआर में निवेशकों की दिलचस्पी मुख्य रूप से ई-कामर्स, फिनटेक, इंटरप्राइज टेक, उपभोक्ता सेवाएं, एडटेक और लाजिस्टिक्स पर केंद्रित है।



**13,268** स्टार्टअप को अब तक मान्यता दी जा चुकी है

**34** यूनिकार्न फाउंडर आइआइटी दिल्ली से पढ़े, इनमें फ्लिपकार्ट, जोमैटो, मीशो, डेल्हीवरी, ग्रो जैसी कंपनिया हैं

**1,302** स्वास्थ्य और 43 बीमा क्षेत्र से जुड़े स्टार्टअप शुरू किए गए हैं

**600** करोड़ से अधिक की फंडिंग स्टार्टअप शुरू करने के लिए नवंबर 2022 तक दिए गए

**6,316** स्टार्टअप कंपनियों की निदेशक महिलाएं हैं

**13** हजार से अधिक स्टार्टअप को मिली स्वीकृति

**180** मेंटर और 80 इनक्युबेटर स्टार्टअप के लिए इस वक्त दिल्ली में हैं

### क्या है एक्शन प्लान

- इनक्युबेशन सेंटर सहित उन्नत इन्फ्रास्ट्रक्चर
- आसान बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) सुविधा, जिसमें आसान पेटेंट फाइलिंग शामिल है
- टैक्स लाभ, आसान अनुपालन, कंपनी स्थापित करने के लिए बेहतर नियामक वातावरण, तेजी से बाहर निकलने की प्रक्रिया आदि
- फंडिंग के अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिडबी की ओर से प्रबंधित 10,000 करोड़ के फंड के रूप में आर्थिक प्रोत्साहन

### दिल्ली के चर्चित स्टार्टअप

- भोजन की सप्लाई देने वाली कंपनी जोमैटो
- सस्ते होटल के कमरे उपलब्ध कराने वाला ओयो रूम
- आनलाइन पेमेंट एप भारतपे, मोबीक्वीक
- आइटीआर फाइल करने के लिए क्लीयरटैक्स
- मैसेजिंग एप हाइक
- ई-कामर्स कंपनी स्नैपडील, ग्रोफर



भारत मंडपम में हुए स्टार्टअप महाकुंभ देश भर से कंपनियां पहुंची थीं • जागरण आर्काइव

### इनक्युबेटर की भूमिका अहम

उधमोद्य फाउंडेशन के सीईओ अभिषेक टंडन ने बताया कि एक इनक्युबेटर के तौर पर हमारी भूमिका अहम है। युवाओं के विचारों और उद्यमिता को रास्ता दिखाने की जिम्मेदारी है। डीयू में इसकी जिम्मेदारी हमें मिली है। स्टार्टअप के लिए हर जरूरी चीज मुहैया कराने के साथ ही सीड मनी देते हैं, निवेशक पैसे लगाने के बदले में कुछ शेयर लेते हैं। राष्ट्रीय राजधानी में इसकी सुविधा काफी है।



अभिषेक टंडन •

### बड़ा मंच है स्टार्टअप योजना

वर्ष 2023 में बगैर फंडिंग के शुरु होने वाली कंपनी की श्रेणी में राष्ट्रीय स्टार्टअप अवार्ड पा चुकी दिल्ली की नैनोसेफ सोल्यूशंस की फाउंडर डा. अनुसुईया राय ने बताया कि केंद्र सरकार की तरफ से इस श्रेणी में चयनित होना गर्व की बात है। यह अवार्ड इसी वर्ष जनवरी में मिला है। जिस तरह से सरकार स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा दे रही है, ये युवाओं के लिए बेहतरीन मंच है।



अनुसुईया राय •

### वर्ष 2023 में राष्ट्रीय स्टार्टअप अवार्ड से सम्मानित 21 में से दो स्टार्टअप दिल्ली के

राष्ट्रीय राजधानी में स्टार्टअप योजना से बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और वंचितों को भी उनकी क्षमता के हिसाब से रोजगार और सपनों को लांच पैड मिला। दिल्ली सरकार से बीते आठ वर्षों में 13 हजार से अधिक स्टार्टअप को मान्यता मिली है। दिल्ली में सबसे ज्यादा स्टार्टअप स्वास्थ्य देखभाल के लिए शुरू हुए हैं। इनकी संख्या 1,302 है। केंद्र सरकार की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 तक नौ हजार से अधिक स्टार्टअप में 87 हजार से अधिक नौकरियां भी मिलीं। वर्ष 2023 में राष्ट्रीय स्टार्टअप अवार्ड से सम्मानित देशभर की 21 स्टार्टअप में दो दिल्ली के थे। घरेलू वस्तुओं का स्टोर कंट्री क्ले और दूसरी नैनोसेफ सोल्यूशंस यह कंपनी जीवाणु रोधी कोटिंग वाली चीजें बनाती है।

### केंद्र सरकार की प्राथमिकता ने बदल दिया परिदृश्य, कालेजों में दे रहे बढ़ावा

स्टार्टअप को लेकर बढ़ते क्षेत्र और पारिस्थितिकी तंत्र ने युवाओं को बड़ा मंच मिला है। दिल्ली स्कूल आफ इकोनामिक्स के प्रो. अनिल कुमार ने कहा कि ऐसा नहीं है कि वर्ष 2014 से पहले स्टार्टअप नहीं थे, लेकिन उत्साह नहीं था। अब यह केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है। इसके लिए लगातार पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित किया जा रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय के लगभग सभी कालेजों में इसे बढ़ावा दिया जा रहा है। डीयू ने इसके लिए उद्यमोदय फाउंडेशन को नियुक्त किया है, ताकि युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा सके। देश का दूसरा से बेहतरीन स्टार्टअप पारिस्थितिक तंत्र यहां विकसित किया गया है। यहां से देश के सभी भागों के लिए कनेक्टिविटी अच्छी है, इसीलिए यह देश का दूसरा सबसे ज्यादा स्टार्टअप देने वाला शहर है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर स्टार्टअप की सफलता दर कम है। लेकिन, ये चिंता का विषय नहीं होना चाहिए। एक बार जो बिजनेस में आ जाता है, तो उसे उसके सभी आयामों के बारे में अच्छे से पता हो जाता है। अगर वे स्टार्टअप बंद करके किसी नौकरी में जाना चाहते हैं, तो इसके अनुभव का लाभ उन्हें वहां जरूर मिलता है। इसी अनुभव को वे स्टार्टअप में भी बदल सकते हैं और उसमें सफलता के मौके ज्यादा होते हैं।



प्रो. अनिल कुमार •

### परिस्थितिकी तंत्र ने दिल्ली को बनाया अग्रणी

नोब्रोकर स्टार्टअप के सीईओ अमित अग्रवाल ने बताया कि स्टार्टअप के लिए दिल्ली सबसे सही जगह है, यहां स्टार्टअप के लिए जरूरी परिस्थितिकी तंत्र मौजूद है। देश की राजधानी के साथ एनसीआर को मिला दें, तो यहां बहुत बड़ा उपभोक्ता वर्ग है, जो सुविधाओं पर खर्च करता है। यहां तमाम स्टार्टअप से जुड़ी छोटी मोटी कंपनियां पहले से है, जिससे लोग परिचित होते है, जिसकी सुविधा बेहतर होती है, वह अग्रणी होता है। कंपनी को कर्मचारी भी आसानी से मिल जाते हैं।

### डीपीआइआइटी द्वारा 2023 तक स्टार्टअप की स्वीकृति

| | |
|---|---|
| 2016 | 62 |
| 2017 | 713 |
| 2018 | 1,147 |
| 2019 | 1,371 |
| 2020 | 1,765 |
| 2021 | 2,178 |
| 2022 | 2,352 |
| 2023 | 2,057 |

DAINIK JAGRAN, 16 APRIL 2024

# आइआइटी दिल्ली के आठ विषय विश्व के शीर्ष 100 में शामिल

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी विषय आधारित रैंकिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (आइआइटीडी) के आठ विषय विश्व के शीर्ष 100 संस्थानों में शामिल किए गए हैं। इंफोर्मेशन और टेक्नोलाजी में आइआइटीडी को विश्व में 45वां स्थान मिला है। संस्थान के तीन विषय भारत में शीर्ष पर हैं।




- पांच विषय इंजीनियरिंग और टेक्नोलाजी के, दो प्राकृतिक विज्ञान और एक प्रबंधन का
- इंजीनियरिंग और टेक्नोलाजी के तीन विषय भारत में शीर्ष पर, विश्व में संस्थान को 45वीं रैंक

हाल में क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी विषय आधारित रैंकिंग में आइआइटीडी के पांच इंजीनियरिंग और टेक्नोलाजी के दो प्राकृतिक विज्ञान के और एक विषय प्रबंधन का शीर्ष 100 में जगह बनाने में कामयाब रहा है। इंजीनियरिंग और टेक्नोलाजी में सिविल और इस्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग को 39वीं, मैकेनिकल इंजीनियरिंग को 50वीं, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग को 55वीं, कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रणाली को 63वीं व केमिकल इंजीनियरिंग को 86वीं वैश्विक रैंक हासिल हुई है। सिविल, इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में आइआइटीडी देश में शीर्ष स्थान पर है और मैकेनिकल इंजीनियरिंग और केमिकल इंजीनियरिंग में दूसरा स्थान रखता है।

प्राकृतिक विज्ञान श्रेणी में आइआइटीडी दो विषयों मटीरियल साइंस (वैश्विक रैंक 89) और पर्यावरण विज्ञान (वैश्विक रैंक 100) के साथ शीर्ष 100 विश्व संस्थानों में शामिल हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर संस्थान पर्यावरण विज्ञान में शीर्ष स्थान पर है और मटीरियल साइंस में तीसरा स्थान रखता है। मैनेजमेंट स्टडी विषय को विश्व में 91वीं रैंक हासिल हुई है। आइआइटी दिल्ली के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख प्रोफेसर वसंत मतसागर ने कहा, संस्थान सिविल इंजीनियरिंग में शीर्ष स्थान पर है, क्योंकि आज विभाग न केवल मानव संसाधनों के विकास में अग्रणी है बल्कि भविष्य की प्रौद्योगिकियों का भी आविष्कार कर रहा है।

विभाग की गतिविधियां राष्ट्र के विकास, आपदा की जरूरतों को पूरा करने आदि में सार्थक योगदान देती हैं। भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप प्रभावी जलवायु कार्रवाई में योगदान दिया जा रहा है। विभाग अब विश्व स्तर पर टिकाऊ बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अत्याधुनिक अनुसंधान के केंद्र के रूप में पहचाना जाता है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख प्रोफेसर जयदेव ने कहा, कई वर्षों से फैकल्टी द्वारा दिखाए गए नेतृत्व, छात्र प्लेसमेंट, अग्रणी क्षेत्रों में अच्छी तरह से उद्धृत अंतर अनुशासनात्मक अनुसंधान, शोध के लिए पर्याप्त फंड और दुनिया भर में अपने पूर्व छात्रों की सफलता के कारण संस्थान लगातार इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग में शीर्ष स्थान पर रहा है।

आइआइटीडी के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख प्रोफेसर प्रेम कालरा ने कहा, सीएसई विभाग ने अनुसंधान और शिक्षण दोनों के लिए मान्यता अर्जित की है और इसमें योगदान देने वाले अपने उत्कृष्ट फैकल्टी सदस्यों के साथ लगातार बढ़ रहा है।